दिनांकः 15.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सड़क दुर्घटना में घायलों के लिए पीएम राहत स्कीम को मंजूरी दी–डेढ़ लाख रुपये तक का मुफ्त कैशलेस इलाज मिलेगां
- राज्य में करीब 470 करोड़ रुपये की लागत से रींगस–सीकर रेलखंड के दोहरीकरण का काम होगां
- राज्य में पहली बार आरटीई के तहत नर्सरी से पहली कक्षा तक प्रवेश–20 फरवरी से आवेदन शुरू होंगें
- महाशिवरात्रि पर्व पर प्रदेशभर में आस्था और उल्लास का माहौल–शिवालयों में अभिषेक और धार्मिक अनुष्ठानं
- प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ा–11 जिलों में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से ऊपर–बाड़मेर में पारा 35 डिग्री के पारं

.......................................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सड़क दुर्घटना में घायलों के लिए पीएम राहत स्कीम को मंजूरी दी हैं सड़क हादसों में घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती कराने और उन्हें इलाज की गारंटी देने के लिए ये योजना स्वीकृत की गई हैं इसमें सड़क दुर्घटना की स्थिति में सात दिन तक के इलाज के लिए डेढ़ लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज का खर्च सरकार उठायेगीं सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार इस स्कीम से यह सुनिश्चित होगा कि सडक दुर्घटना के बाद तुरंत इलाज नहीं मिलने के कारण किसी को जान ना गंवानी पड़ें मंत्रालय के अनुसार, सरकार अस्पतालों को **मोटर वाहन दुर्घटना कोष** से भुगतान करेगीं देश में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में काफी संख्या में लोगों की मौत तत्काल इलाज नहीं मिलने के कारण हो जाती हैं

.......................................................................................

केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पांचवीं औद्योगिक क्रांति को आगे बढ़ाएगां इसमें सामाजिक प्रभाव, और सुशासन पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगां एक कार्यक्रम में श्री वैष्णव ने कहा कि भारत कल से नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट की मेज़बानी कर रहा हैं भारत मंडपम में ये शिखर सम्मेलन 20 फरवरी तक चलेगां

.......................................................................................

रेलवे में अब सामान्य श्रेणी के यानी जनरल कोच की सफाई भी फर्स्ट क्लास कोच की ही तरह की जाएगीं रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली में बताया कि इस पहल के तहत शुरूआत में, छह महीने के भीतर लम्बी दूरी की अस्सी रेलगाडियों की पहचान की जाएगीं उन्होंने कहा कि इन रेलगाडियों में एक से डेढ घंटे के अंतराल पर सफाई के लिए अलग से कर्मचारी रखे जायेंगें श्री वैष्णव ने यह जानकारी भी दी कि अब ट्रेन में कम्बल और चादर के वितरण, पैकिंग तथा सफाई का काम एक ही एजेंसी करेगीं श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने रेलवे में बड़े सुधार लाने का फैसला किया हैं इस साल 52 हफ्तों में 52 सुधार लागू किए जाएंगें

.......................................................................................

देश में रेल नेटवर्क और क्षेत्रीय सम्पर्क को मजबूत करने के लिए रेलवे ने राजस्थान सहित अन्य राज्यों में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी हैं उत्तर–पश्चिम रेलवे के तहत राज्य में करीब 470 करोड़ रुपये की लागत से रींगस–सीकर रेलखंड का दोहरीकरण किया जाएगां 50 किलोमीटर लम्बे इस दोहरीकरण से माल ढुलाई में बढ़ोतरी होगीं साथ ही क्षेत्रीय विकास सुनिश्चित होगां इससे राज्य के औद्योगिक और तीर्थ क्षेत्रों तक सम्पर्क सुविधा बढ़ेगीं खाटूश्यामजी और सालासर बालाजी तक पहुंचना आसान होगां

.................................................................................

कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने किसानों और लोगों को आश्वस्त किया है कि सरकार बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए समुचित प्रयास कर रही हैं वे कल पाली जिले के अनोपपुरा में बोल रहे थें उन्होंने कहा कि किसानों को दिन में भी बिजली उपलब्ध कराने के सभी प्रयास किये जाएंगें

.................................................................................

राज्य में पहली बार आरटीई के तहत निजी स्कूलों में नर्सरी से लेकर पहली कक्षा तक प्रवेश हो सकेगां इसके लिए 20 फरवरी से 4 मार्च तक आवेदन किया जा सकता हैं प्रवेश के लिए लॉटरी 6 मार्च को निकाली जाएगीं प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय में आरटीई एडमिशन प्रभारी चंद्र किरण पंवार ने बताया कि नर्सरी क्लास में 3 से 4 साल तक के और पहली कक्षा में 6 से 7 साल आयुवर्ग के बच्चों को दाखिला मिलेगां आरटीई के तहत पहले नर्सरी और पहली कक्षा में ही प्रवेश होता था, लेकिन अब शिक्षा विभाग ने बदलाव करते हुए नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी और पहली कक्षा में प्रवेश देने का निर्णय लिया हैं

.................................................................................

आज महाशिवरात्रि हैं इस पर्व को लेकर शिवालयों में विशेष तैयारियां और सजावट की गई हैं अलसुबह से ही शिव भक्त आस्था और उल्लास के साथ मंदिरों में दर्शन और जलाभिषेक तथा अनुष्ठान कर रहे हैं शिवालयों में बम–बम बोले और हर हर महादेव के जयकारे गूंज रहे हैं सवाईमाधोपुर जिले के शिवाड़ स्थित घुश्मेश्वर महादेव सहित अन्य शिव मंदिरों में पूजा अर्चना और अभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लगी हुई हैं भीलवाड़ा के बिजौलिया में तिलस्वा महादेव मंदिर में आज से तीन दिन का मेला भर रहा हैं

पाली के सादड़ी स्थित परशुराम महादेव तीर्थ पर महाआरती और भक्ति संध्या का आयोजन किया गया हैं कोटपूतली–बहरोड में विराट नगर के महाभारत कालीन प्राचीन पांडेश्वर मंदिर में 1 हजार 111 शिवलिंगों के साथ जलाभिषेक का कार्यक्रम रखा गया हैं बृज क्षेत्र भरतपुर में भी महाशिवरात्रि पर्व का उल्लास छाया हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि कावड़ियों के जत्थे भी शिवालय पहुंच कर सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं

.................................................................................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं अपने संदेश में श्री बागड़े ने महाशिवरात्रि को भारतीय संस्कृति का अनूठा उत्सव बताते हुए सभी के कल्याण और मंगल की कामना की हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि महाशिवरात्रि पर्व समाज को आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता हैं भगवान शिव की आराधना से जीवन में कर्तव्य बोध और सकारात्मक सोच का विकास होता हैं

.................................................................................

प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ने लगा हैं कल बाड़मेर में पारा 35 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गयां वहीं 10 जिलों में अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहां इससे अधिकतर स्थानों पर दिन के समय गर्मी का अहसास शुरू हो गया हैं हालांकि सीकर और पाली में रात का पारा 5–6 डिग्री के आस–पास बना रहने से ठंड का असर हैं जैसलमेर, जालौर, जोधपुर, चूरू, डूंगरपुर, चित्तौढ़गढ़ सहित कई जिलों में पारे में उछाल से गर्मी के तेवर तीखे होने लगे हैं बाड़मेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि तापमान में अचानक हुई बढ़ोतरी ने किसानों को चिंता में डाल दिया हैं

.................................................................................

टी–ट्वेटी क्रिकेट विश्व कप 2026 में आज भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने–सामने होंगीं ये मुकाबला कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में भारतीय समय के अनुसार शाम 7 बजे से होगां दोनों टीमें 2–2 मैच खेलकर 4–4 अंक पर हैं

.................................................................................